कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्याः एम0ई0–3/2022/

लखनऊः दिनांक 17 मई, 2022

राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर तथा कन्नौज में बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के संबंध में समय–सारिणी

बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की रिक्त 10 सीटों (राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर की 01 सीट तथा राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज की 09 सीट) पर काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटन/प्रवेश की समय–सारिणी निम्नवत् हैः–

1	आनलाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 18 मई, 2022 को अपराह्न 2:00 बजे से दिनांक 19 मई, 2022 को अपराह्न 2:00 बजे तक
2	पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट घोषित किये जाने की तिथि	दिनांक 20 मई, 2022
3	सीट आंवटन की तिथि	दिनांक 21 मई, 2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से
4	आवंटित कालेज में प्रवेश लेने की तिथि	आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। (On Spot Admission)

काउंसिलिंग स्थल– चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठा तल, लखनऊ

- **बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की उपरोक्त सीटों पर आवंटन हेतु केवल वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिन्होने नीट यू0जी0 2021 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।**
- **नीट यू0जी0 2021 के माध्यम से ऑल इण्डिया कोटा/स्टेट कोटा की एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0/अन्य पाठ्यकमों की सीटों पर प्रवेशित अभ्यर्थी उक्त पाठ्यकम में प्रवेश हेतु अर्ह नहीं होंगे।**
- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को वेबसाईट *https://upneet.gov.in* पर पंजीकरण शुल्क रू0 1000/– ऑन–लाईन जमा करते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- पंजीकृत अभ्यर्थियों को शैक्षिक/आरक्षण सम्बन्धी मूल अभिलेखों का सत्यापन काउंसिलिंग स्थल चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठा तल, लखनऊ में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा।
- मूल शैक्षिक अभिलेख न होने की दशा में अभ्यर्थी काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।
- अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि (Security Money) रू0 10,000/– का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो "**महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 (*Director General, Medical Education & Training, U.P.* payable at Lucknow)** के पक्ष मे देय होगा, अभिलेखों के सत्यापन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा शैक्षिक शुल्क (Tution Fee) रू0 30,000/– का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो "**महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 (*Director General, Medical Education & Training, U.P.* payable at Lucknow)** के पक्ष मे देय होगा, अन्यथा प्रवेश पर विचार नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये विकल्प पर आवंटन होने की दशा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश न लेने की दशा में धरोहर धनराशि (Security Money) जब्त कर ली जायेगी।
- शेष शर्तें यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 हेतु जारी शासनादेश एवं ब्रोशर के अनुसार यथावत् रहेंगी। यू0पी0 नीट यू0जी0–2021 के ब्रोशर का अर्हता सम्बन्धी विवरण **संलग्नक–1** के रूप में संलग्न है। अभ्यर्थी अपनी अर्हता का परीक्षण स्वयं करना सुनिश्चित करें।

- आवंटन/प्रवेश की कार्यवाही सीट उपलब्ध रहने तक ही की जाएगी। रिक्त सीटों का विवरण **संलग्नक–2** के रूप में संलग्न है।
- महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** **&** ***www.dgme.up.gov.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक।

संख्या–एम0ई0–3/2022/1157 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
3. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर तथा कन्नौज को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे साथ ही दिनांक 21.05.2022 को उक्त प्रवेश प्रकिया सम्पन्न करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को महानिदेशालय में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. डा0 बी0डी0 सिंह, सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
6. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प को महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ।
7. नाजिर, चिकित्सा शिक्षा को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 21.05.2022 को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं (आवश्यक मैनपावर सहित) करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक।